आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार

देहरादून (उत्तराखण्ड)

मंगलवार 02.09.2025

समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- राज्य के विभिन्न हिस्सों में आज भारी बारिश की चेतावनी; हरिद्वार को छोड़कर प्रदेश के सभी जिलों में स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्रों में एक दिन का अवकाश घोषित।
- सेवामुक्त अग्निवीरों को उत्तराखंड में विभिन्न विभागों की वर्दीधारी सेवाओं में मिलेगा 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण; कार्मिक एवं सतर्कता विभाग ने समूह 'ग' के वर्दीधारी पदों पर भर्ती के लिये नियमावली–2025 जारी की।
- उत्तराखंड सरकार ने खिलाड़ियों का दैनिक भोजन भत्ता 250 रुपये से बढ़ाकर 400 रुपये किया।
- कृषि मंत्री गणेश जोशी ने अतिवृष्टि से प्रभावित किसानों को शीघ्र राहत देने के निर्देश दिए।

मौसम

उत्तराखंड के अधिकांश हिस्सों में हो रही लगातार बारिश से सामान्य जनजीवन व्यापक रूप से तरह प्रभावित हुआ है। पहाड़ी क्षेत्रों में भूस्खलन और मैदानी इलाकों में जलभराव की स्थिति बनी हुई है, जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

राज्य की प्रमुख नदियां और पर्वतीय क्षेत्रों के गाढ़–गदेरे उफान पर हैं। लगातार बारिश और कई स्थानों पर भूस्खलन के चलते जनजीवन गंभीर रूप से प्रभावित हुआ है। आपदा प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है और आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

देहरादून और उत्तरकाशी में आज कहीं–कहीं भारी से अति भारी वर्षा का रेड अलर्ट जारी किया गया है, जबकि अन्य जिलों में ऑरेंज अलर्ट घोषित है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए हरिद्वार को छोड़कर राज्य के सभी जिलों में स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों में आज अवकाश घोषित किया गया है।

उत्तराखंड आपदा प्रबंधन सचिव विनोद कुमार सुमन ने बताया कि सुरक्षा के मद्देनज़र सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं, और प्रशासनिक अधिकारी लगातार स्थिति पर निगरानी बनाए हुए हैं।

इस बीच, कल देर शाम बदरीनाथ धाम, हेमकुंड साहिब, फूलों की घाटी, नंदा घुंघटी और रुद्रनाथ की ऊंची चोटियों पर हल्की बर्फबारी दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार, राज्य में आगामी दिनों में भी वर्षा का सिलसिला जारी रहने की संभावना है।

निरीक्षण

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चंपावत जिले के बनबसा क्षेत्र के आनंदपुर–चन्दनी एवं देवीपुरा में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आपदा पीड़ितों से मुलाकात कर उन्हें को हर संभव सहायता देने का भरोसा दिया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को ग्रामीणों को राहत सामग्री और आवश्यक सुविधाएं तुरंत उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने प्रभागीय वनाधिकारी को सिंचाई विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर हुड्डी नदी के चैनलाइजेशन के लिए तत्काल कार्यवाही शुरू करने के भी निर्देश दिए। देवीपुरा क्षेत्र में राहत एवं बचाव कार्य का जायजा लेते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीमों को प्रभावित क्षेत्रों में लगातार सक्रिय रहें।

आरक्षण

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सेवामुक्त अग्निवीरों को विभिन्न विभागों की वर्दीधारी सेवाओं में 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देने की घोषणा पूरी कर दी है। इसके लिए कार्मिक एवं सतर्कता विभाग ने समूह 'ग' के वर्दीधारी पदों पर भर्ती के लिये नियमावली–2025 जारी कर दी है।

इसमें पुलिस आरक्षी, उप निरीक्षक, प्लाटून कमांडर, अग्निशामक, अग्निशमन द्वितीय अधिकारी, बंदी रक्षक, उप कारापाल, वन आरक्षी, वन दरोगा, आबकारी सिपाही, प्रवर्तन सिपाही और सचिवालय रक्षक जैसे पद शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की सेवा कर लौटे पूर्व अग्निवीर प्रदेश का गौरव हैं और उन्हें सम्मान व रोजगार का अवसर देना सरकार की जिम्मेदारी है।

यूपीआई–नया कीर्तिमान

एकीकृत भुगतान इंटरफ़ेस – यूपीआई ने इस वर्ष अगस्त में पहली बार बीस अरब से अधिक लेनदेन का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह पिछले वर्ष अगस्त में 14 अरब 90 करोड़ से 34 प्रतिशत अधिक है। इस दौरान 24 लाख 85 हजार करोड़ रुपये का आदान–प्रदान किया गया। इसमें 24 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई।

भोजन भत्ता

उत्तराखंड सरकार ने खिलाड़ियों का दैनिक भोजन भत्ता 250 रुपये से बढ़ाकर 400 रुपये कर दिया है। यह सुविधा खेल छात्रावासों, स्पोर्ट्स कॉलेज और राष्ट्रीय व उससे उच्च स्तर की प्रतियोगिताओं से पहले आयोजित प्रशिक्षण शिविरों में लागू होगी।

खेल मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि राज्यपाल की मंजूरी के बाद इसे तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है। उन्होंने कहा कि भोजन भत्ता बढ़ने से खिलाड़ियों को अधिक पौष्टिक आहार मिलेगा और उनके प्रदर्शन में सुधार होगा।

नई दर का लाभ प्रशिक्षण शिविरों में खिलाड़ियों के साथ कोच और सहयोगी स्टाफ को भी मिलेगा।

<u>क्षति–मुआवजा</u>

कृषि, सैनिक कल्याण एवं ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने अतिवृष्टि से प्रभावित किसानों को शीघ्र राहत देने के निर्देश दिए हैं। हरिद्वार स्थित सीसीआर सभागार में हुई समीक्षा बैठक में उन्होंने अधिकारियों से कहा कि फसलों, पशुओं और भवनों के नुकसान का तत्काल आंकलन कर मुआवजा उपलब्ध कराया जाए।

श्री जोशी ने किसानों को बीमा योजनाओं से जोड़ने और बागवानी को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने ड्रैगन फ्रूट उत्पादन के लिए किसानों को प्रेरित करने तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लखपति दीदी योजना और आगामी कुंभ मेले में महिला समूहों के उत्पादों को बढ़ावा देने की बात कही।

<u>श्रद्धांजलि</u>

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मसूरी गोलीकांड की 31वीं बरसी की पर शहीद आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने कहा कि राज्य आंदोलनकारियों के उत्तराखंड निर्माण के सपनों को साकार करने का कार्य सरकार कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 1 सितंबर को खटीमा कांड, 2 सितंबर को मसूरी और 2 अक्टूबर को रामपुर तिराहा कांड राज्य के इतिहास में काले अध्याय के रूप में दर्ज हैं। उन्होंने कहा कि शहीदों के बलिदान को प्रदेश हमेशा याद रखेगा।

<u>गोष्ठी</u>

देहरादून में मुख्यालय मध्य कमान द्वारा 'भारत की सुरक्षा परिवेश में उभरती चुनौतियाँ' विषय पर सुरक्षा सेमिनार 2025 आयोजित किया गया। इसमें वरिष्ठ सैन्य अधिकारी, राजनयिक, सुरक्षा विशेषज्ञ और विद्वान शामिल हुए।

कार्यक्रम का उद्घाटन जनरल ऑफिसर कमांडिंग–इन–चीफ, मध्य कमान लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने किया। मुख्य वक्ता उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह रहे। उन्होंने सैन्य तैयारी, राजनयिक कुशलता, आर्थिक स्थायित्व, प्रभावी नैरेटिव और सभ्यतागत साझेदारी को राष्ट्रीय सुरक्षा के पाँच आधार स्तंभ बताया।

संगोष्ठी में विभिन्न विशेषज्ञों ने हाइब्रिड खतरों, समन्वित रणनीतियों, ग्रे–ज़ोन संघर्षों और उप–परंपरागत अभियानों की चुनौतियों पर विचार रखे।

समापन सत्र में लेफ्टिनेंट जनरल नवीन सचदेवा ने कहा कि जटिल सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने के लिए रणनीतिक सोच, सांस्कृतिक समझ और परिचालन क्षमता आवश्यक है। सेमिनार में सर्वसम्मति से निष्कर्ष निकला कि भारत की सुरक्षा रणनीति को तैयारियों, लचीलापन और क्षेत्रीय सहयोग पर आधारित होना चाहिए।

<u>शुभारंभ</u>

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आईआईटी कानपुर के सहयोग से हेमवती नन्दन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खटीमा में उत्तराखंड के पहले ''साथी केंद्र'' का शुभारंभ किया। 2023 में शुरू हुए प्रोजेक्ट साथी के तहत आईआईटी और आईआईएससी जैसे संस्थानों के प्रोफेसर ऑनलाइन कक्षाओं के जरिए विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दे रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस केंद्र में 80 छात्रों को ऑफलाइन कोचिंग और मेंटरिंग की सुविधा मिलेगी। इसका लाभ खटीमा और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को मिलेगा। उन्होंने बताया कि देशभर में 15 लाख से अधिक विद्यार्थी इस प्रोजेक्ट से लाभान्वित हो चुके हैं, जबकि उत्तराखंड में अब तक 29 हजार से अधिक छात्र–छात्राएं जुड़ चुके हैं। पिछले वर्ष 500 से अधिक विद्यार्थियों ने इस प्लेटफॉर्म की मदद से परीक्षाओं में सफलता पाई।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर....

उत्तराखंड में अग्निवीरों को आरक्षण के लिए नियमावली लागू– इस शीर्षक के साथ हिन्दुस्तान समाचार पत्र लिखता है– वर्दीधारी पदों की भर्ती में अग्नि वीरों को मिलेगा 10 फीसदी क्षैतिज आरक्षण, कार्मिक विभाग ने जारी की नियमावली।

चारधाम और हेमकुंड साहिब यात्रा पर 5 सितंबर तक लगाई रोक– अमर उजाला का शीर्षक है। समाचार पत्र के अनुसार य़ात्रा मार्ग पर खतरे के कारण लिय़ा गया फैसला।

प्रदेश के खिलाड़ियों को मिलने वाले भत्ते में बढ़ोतरी की खबर पर हिन्दुस्तान समाचार पत्र लिखता है– प्रशिक्षण शिविरों के दौरान खिलाड़ियों को मिलेगा 400 रूपये दैनिक भोजन भत्ता, पहले था 250 रूपये।

देश में 15 लाख विद्यार्थी प्रोजेक्ट साथी से हो चुके हैं लाभान्वित– इस शीर्षक के साथ अमर उजाला लिखता है– सीएम धामी ने राज्य के पहले साथी केंद्र का किया शुभारंभ पीएम व केंद्रीय शिक्षा मंत्री का जताया आभार।

देहरादून में निवेश का झांसा देकर ठगे 32 लाख 30 हजार रुपये– इस शीर्षक के साथ दैनिक जागरण खबर में लिखता है की व्यापारी को दिया मुनाफे का लालच, पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज।

और मौसम की खबर पर दैनिक जागरण लिखता है– देहरादून और उत्तरकाशी में भारी बारिश का रेड अलर्ट, प्रदेश के अन्य जिलों में तेज बारिश होने की संभावना।